तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शैतान सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी बालेसर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353026385671647	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/09/25	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपालवाडी, होटल गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.07.2025 को दिनांक 17.07.2025 को ग्राम पंचायत तिबना के राजस्व गांव टिम्बड़ी में खसरा संख्या 57/1, 58/1, 36 व 16 के संबंध में किये गये मौकामुआयने की रिपोर्ट (खसरा संख्या 57/1, 58/1, 36 व 16 के संबंध में की गई जांच की जांच रिपोर्ट) की संपूर्ण पत्रावली, रिपोर्ट की प्रमाणित से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बालेसर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बालेसर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बालेसर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी बालेसर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation :Collector & District Magistrate Date: 2025.09.26 13:00:04 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
18013013